## खबर संक्षेप

### मां शारदा देवी धाम में भंडारे के लिए निविदा जारी होने पर विवाद

**मैहर।** स्थित मां शारदा प्रबंधन समिति द्वारा भंडारे (निःशुल्क खिचड़ी प्रसाद वितरण) के लिए टेंडर (निविदा) जारी करने पर स्थानीय लोगों और धार्मिक संगठनों ने आपत्ति जताई है। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थलों पर होने वाले दान-पुण्य और भंडारे को सरकारी शर्तों और टेंडर की बेड़ियों में नहीं जकड़ा जाना चाहिए। स्थानीय जनता ने पूर्व में कार्यरत संस्थाओं (जैसे जेपी अन्नकूट) पर भी सवाल उठाए हैं कि वे शर्तों का उल्लंघन कर व्यावसायिक लाभ ले रहे हैं।

### अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति कार्यक्रम के लिए प्रभारियों की घोषणा

**मैहर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के 25 दिसंबर को होने वाले जन्मोत्सव कार्यक्रमों के लिए जिला प्रभारियों की नियुक्ति की है।मैहर विधानसभा प्रभारी जिला महामंत्री शिवदयाल प्रजापति। अमरपाटन विधान सभा प्रभारी जिला उपाध्यक्ष गोरेलाल पटेल। अन्य प्रमुख नियुक्तियां अमित राय (प्रदर्शनी प्रभारी), जितेंद्र शुक्ला (दीपोत्सव प्रभारी),संजय पांडेय (बूथ कार्यक्रम प्रभारी),और संतोष सोनी (मूर्ति स्थापना एवं नामकरण प्रभारी)। मीडिया और सोशल मीडिया की जिम्मेदारी रवींद्र सिंह और अखिल गोयल को सौंपी गई है। जिले के सभी मंडलों और बूथ केंद्रों पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर में जनसुनवाई का आयोजन

**मैहर।** मंगलवार को मैहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। इस बार जनसुनवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.चंचल नागर द्वारा की गई। एएसपी ने आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और प्राप्त आवेदन पत्रों पर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में मैहर में पुतला दहन



**मैहर।** विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल और सकल हिंदू समाज ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ मैहर के घंटाघर चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। सरस्वती स्कूल से जुलूस निकालकर कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश सरकार और वहां के राष्ट्रपति के खिलाफ नारेबाजी की और पुतला दहन किया। विहिप जिला अध्यक्ष सुरेंद्र पटेल और बजरंग दल जिला संयोजक राकेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भारत सरकार से इस मामले में कूटनीतिक हस्तक्षेप की मांग की।

# एचआईवी कांडः मासूमों की जिंदगी से खिलवाड़ के बाद अब 'लीपापोती' का खेल, दावे निकले खोखले

**सतना।** सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल के ब्लड बैंक की लापरवाही से मासूम बच्चों के शरीर में एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने के मामले ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है। मामले के तूल पकड़ने पर एक सप्ताह के भीतर जांच पूरी करने का दावा किया गया था,लेकिन समय सीमा बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### जांच के नाम पर खानापूर्ति और फाइलों का खेल

शुरुआती आक्रोश को दबाने के लिए विभाग ने कुछ कर्मचारियों के निलंबन की खानापूर्ति तो की, लेकिन असली दोषियों तक पहुंचने के बजाय अब पूरे मामले में 'लीपापोती' की जा रही है।हैरानी की बात यह है कि जिस संक्रमित डोनर की पहचान सबसे पहले होनी चाहिए थी,वह अभी भी लापता है। ब्लड बैंक प्रशासन ने एड्स परामर्श केंद्र को जांच के नाम पर ऐसे फॉर्म थमा दिए हैं,जिनमें पते आधे-अधूरे हैं और मोबाइल नंबर या तो गलत हैं या बंद आ रहे हैं। नियमानुसार,बिना पूर्ण पते और सत्यापन के रक्त लेना अपराध है,लेकिन ब्लड बैंक ने प्रोटोकॉल को ताक पर रखकर अपने अमले को बचाने के लिए चुप्पी साध ली है।




### खून की दलाली और 'प्रोफेशनल डोनर्स' का मकड़जाल

समझा जाता है कि इस कांड के पीछे खून की दलाली का एक बड़ा संगठित गिरोह काम कर रहा है। सूत्रों की मानें तो ब्लड बैंक में ऐसे कई 'पेशेवर चेहरे' सक्रिय हैं जिन्होंने नियमों के विरुद्ध जाकर 25-25 बार तक रक्तदान किया है। दलाली के इस खेल में एक ही डोनर के नाम पर कई बार ब्लड लिया गया,जिससे संक्रमण फैलने का खतरा कई गुना बढ़ गया। पुलिस और जिला प्रशासन अब इस दलाली की कड़ी को जोड़ने के लिए ब्लड बैंक से पुराने रिकॉर्ड की मांग कर रहे हैं,लेकिन विभागीय अधिकारी रिकॉर्ड देने में लगातार टालमटोल कर रहे हैं। सवाल यह है कि आखिर किसे बचाने के लिए ये रिकॉर्ड छिपाए जा रहे हैं?

### निजी संस्था 'सूर्या' और 'ब्रेकडाउन' पर रहस्यमयी चुप्पी

मामले में निजी संस्था 'सूर्या' की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। ब्रेकडाउन की घटनाओं को लेकर अभी तक स्वास्थ्य विभाग ने कोई कड़ा फैसला नहीं लिया है। स्वास्थ्य मंत्री और आला अधिकारियों की इस चुप्पी ने जनता के बीच आक्रोश पैदा कर दिया है। क्या मासूम बच्चों की जिंदगी की कीमत इतनी सस्ती है कि रसूखदारों को बचाने के लिए पूरी व्यवस्था ही ढाल बन गई है?वर्तमान स्थिति को देखकर साफ है कि कार्रवाई के नाम पर केवल समय काटा जा रहा है,ताकि मामला ठंडा पड़ जाए। यदि समय रहते संक्रमित डोनर और दलाली के सिंडिकेट पर कार्रवाई नहीं हुई,तो यह लापरवाही आगे भी कई जिंदगियों को लील सकती है।

## सोगरिया-दानापुर एक्सप्रेस में शराब की बड़ी खेप पकड़ी जीआरपी की कार्रवाई में बिहार का तस्कर गिरफ्तार



**सतना।** रेलवे स्टेशन सतना पर जीआरपी ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान शराब तस्करी का एक बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने सोगरिया-दानापुर एक्सप्रेस के एसी कोच से एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। गौरतलब है कि 'हरिभूमि' ने पूर्व में ही सूत्रों के हवाले से ट्रेन के माध्यम से शराब तस्करी होने की संभावना की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी,जिस पर आज पुलिस की इस कार्रवाई ने मुहर लगा दी है।



### एसी कोच में छिपाकर ले जा रहा था शराब

पुलिस अधीक्षक (रेल) जबलपुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (रेल) के निर्देशन व उप पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जीआरपी सतना की टीम ने मंगलवार को ट्रेन क्रमांक 19801 (सोगरिया-दानापुर एक्सप्रेस) में चेकिंग की। इस दौरान एसी कोच में एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मुकेश कुमार 40 वर्ष, निवासी औरंगाबाद, बिहार बताया।

### 121 बोतलें बरामद,बिहार जा रही थी खेप

तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से ओल्ड मॉन्क ब्रांड की 180 एम एल वाली कुल 121 बोतलें बरामद हुईं। जब्त शराब की कुल मात्रा लगभग 21 लीटर है। पुलिस ने अवैध शराब को मौके पर जब्त कर आरोपी के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस सफल कार्रवाई में जीआरपी सतना के उप निरीक्षक राजेश राज प्रधान आरक्षक शंकर सहाय त्रिपाठी, अनुज चतुर्वेदी, मुनेंद्र मिश्रा, महिला आरक्षक सुमन, आरती दुबे और खुशबू सिंह की भूमिका रही। जीआरपी सतना का कहना है कि रेल क्षेत्र में अवैध गतिविधियों और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह की कठोर कार्रवाई और सघन चेकिंग अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

## ई-हाजिरी पर आर-पार, शिक्षकों ने प्राचार्य को दी 'धमकी', डीईओ ने मांगा जवाब

**सतना। जिले के शिक्षा विभाग में ई-हाजिरी को लेकर मचा घमासान अब विवादों के घेरे में आ गया है।**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिहरा क्रमांक-1 के शिक्षकों ने वेतन रुकने से नाराज होकर अपने प्राचार्य को एक ऐसा पत्र सौंपा है,जिसे विभाग ने 'धमकी भरा' माना है। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्राचार्य से विस्तृत प्रतिवेदन तलब किया है।

### क्या है पूरा मामला?

प्रशासनिक अनुशासन और पारदर्शिता के लिए कलेक्टर के निर्देशानुसार ई-हाजिरी को अनिवार्य किया गया है।लेकिन बिहरा क्रमांक-1 के कई शिक्षकों ने इसे 'बाध्यता और दखल' मानते हुए अपनाने से इनकार कर दिया था। नियमतः, ई-हाजिरी दर्ज न करने के कारण इन शिक्षकों का नवंबर माह का वेतन रोक दिया गया है।

### पत्र की भाषा पर विवाद
### अप्रिय घटना हुई तो अधिकारी होंगे जिम्मेदार

4 दिसंबर को शिक्षकों द्वारा प्राचार्य को सौंपे गए पत्र में लिखा गया है कि यदि वेतन जारी न होने के कारण उनके घर में कोई अप्रिय घटना होती है,तो इसके लिए आहरण-संवितरण अधिकारी सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे। सूत्रों के अनुसार,अधिकांश शिक्षकों के पत्रों की भाषा और शैली बिल्कुल एक जैसी है,जो इस ओर इशारा करती है कि यह प्रशासन पर सामूहिक दबाव बनाने की एक सोची-समझी रणनीति है।

### इन शिक्षकों को दी गई चेतावनी

डीईओ ने पत्र की भाषा को अनुशासनहीनता की श्रेणी में रखते हुए संबंधित शिक्षकों को चेतावनी दी है। इनमें मुख्य रूप से अरविंद कुमार त्रिपाठी, प्रशांत कुमार द्विवेदी,वीरेन्द्र कुमार साकेत, प्रेमलाल मिश्रा, लक्ष्मी प्रसाद पांडेय, वृंदावन तिवारी, विमला सिंह,अच्छेलाल साकेत,ललिता सिंह,प्रदीप कुमार तिवारी, अनुज विश्वकर्मा,प्रभा त्रिपाठी, सुनीता सिंह, सुमन त्रिपाठी, सोमवती साकेत, रामदीन साकेत और द्रोपदी सिंह हैं।

### विभाग का सख्त स्टैंडः'गलती सुधारें या कार्रवाई झेलें'

जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट कर दिया है कि ई-हाजिरी कलेक्टर के निर्देशों के अधीन है और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।हालांकि, मानवीय आधार पर शिक्षकों को एक अंतिम अवसर दिया गया है। यदि शिक्षक अपनी गलती सुधारकर ई-हाजिरी शुरू करते हैं,तभी उनका रुका हुआ वेतन जारी किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने साफ कर दिया है कि अनुशासन सर्वोपरि है। अब देखना यह होगा कि चेतावनी के बाद शिक्षक इस डिजिटल व्यवस्था को अपनाते हैं या यह विवाद और तूल पकड़ता है।

### कोठी में शातिर चोर की करतूत, 8 दिन में 3 बार एक ही दुकान को बनाया निशाना; सीसीटीवी ने खोला राज

**सतना।** जिले के कोठी थाना अंतर्गत देवीगंज चौक में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक ही जनरल स्टोर में चोर ने महज आठ दिनों के भीतर तीन बार हाथ साफ किया। लगातार हो रही चोरी से परेशान दुकानदार ने जब सीसीटीवी कैमरा लगवाया,तो चोर की पहचान उजागर हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

#### सिलसिलेवार ढंग से दी वारदात को अंजाम

पीड़ित दुकानदार दीपक लखेरा,जो देवीगंज चौक के निवासी हैं और परिषद की बाउंड्री स्थित दुकान नंबर 34 में चूड़ी व जनरल स्टोर चलाते हैं,उन्होंने अपनी शिकायत में चोरी की पूरी जानकारी दी पहली चोरी 14 दिसंबर दुकान से करीब 5,500 रुपये नकद गायब हुए। कोई सुराग न मिलने पर दुकानदार ने इसे सामान्य मान लिया। दूसरी चोरी 18 दिसंबर महज चार दिन बाद चोर ने फिर धावा बोला और 4,500 रुपये नकद पार कर दिए। तीसरी चोरी 22 दिसंबर लगातार हो रही घटनाओं से सतर्क दुकानदार ने दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। 22 दिसंबर की देर रात चोर फिर पहुँचा और 5,000 रुपये नकदी पर हाथ साफ किया।

#### सीसीएल फुटेज से हुई आरोपी की पहचान

तीसरी बार हुई चोरी की पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई। फुटेज की जांच करने पर एक युवक बेखौफ होकर चोरी करते हुए दिखाई दिया। युवक की पहचान कपिल गुप्ता पिता रामधनी गुप्ता के रूप में हुई है। पीड़ित ने फुटेज के साथ कोठी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान पुख्ता हो चुकी है। पुलिस की टीमें उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं,जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होगा।

## दिव्यांग कलाकारों ने बांधा समा

**सतना।** विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना द्वारा 19 से 29 दिसम्बर तक आयोजित 12 वें 11 दिवसीय विन्ध्य व्यापार मेले के चतुर्थ दिवस पधारें अन्तराष्ट्रीय सुप्रसिद्ध हास्य कलाकार अभय शर्मा ने सभी दर्शक को मंत्र मुग्ध होकर प्रस्तुतियों पर तालियों की गड़गड़ाहट से साथ खुशी का इजहार करते रहे। चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि विन्ध्य व्यापार मेले में चतुर्थ दिन सोमवार को नेत्रो से दिव्यांग कलाकारो ने गायन बादन की भावपूर्ण प्रस्तुतिया देकर सभी को भाव विभोर कर दिया इस संवेदना नामक कार्यक्रम अतिथि के रूप में धर्मेन्द सिंह बराज अध्यक्ष जनपद पंचायत सोहावल,सुष्मिता सिंह उपाध्यक्ष जिला पंचायत सतना,रावेन्द्र सिंह जनपद अध्यक्ष रामपुर बाघेलान,विनोद यादव,सुधीर जैन,मनोज वलेजा,सुप्रसिद्ध हास्य कलाकार अभय शर्मा, दुर्योधन सिंह,मनीषा सिंह,रूपेश बलेचा,नीरज चैरिसया वैश्य समाज,सेन्ट्रल सिंधी पंचायत,संतधाम पार्क समिति,राम राज्य सेना,अभिषेक जैन,अतिथि के रूप में पधारें कार्यक्रम की अध्यक्षता विन्ध्य चेम्बर के अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने की साथ ही श्री जैन ने कहा कि नित्य नये नवाचार से मेला आकर्षक का केन्द्र बना है।



### आर्ट गैलरी बनी आकर्षण का केन्द्र

विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा प्रदर्शित आर्ट गैलरी द्वारा सभी को निशुल्क प्लेटफार्म दिया जाता है। इसमें अपनी कला,संग्रह का प्रदर्शन उचित स्थान पर कर सकते हैं। लाखों लोग मेले का आनंद व ज्ञान लेने आते हैं। पुरातत्व के साथ नवीनता-शुरुआत के साथ अंत लगभग जीवन के अनेक पहेलियो की झांकी मॉडल,स्लोगन,रक्तदान,मुक्तिधाम,माउथ ऑर्गन,बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग मॉडल,नारी शक्ति द्वारा आर्ट क्राफ्ट।कुम्हार के मिट्टी के खिलौने,उचेहरा के कांसे के बर्तन सेल्फी प्वाइंट,श्री राम मंदिर,श्रीलंका (अशोक वाटिका) की मिट्टी यहां पर सीता थी। विश्व की सबसे बड़ी पुस्तक राम नाम,लकड़ी की कारीगिरी,चंद्रयानचलित,लोकल फॉर वोकल,डेढ़ सौ बीसी 2188 साल पुराना सिक्का,आजादी पूर्व करेन्सी,वन क्वार्टर आना (ब्रिटिश कालीन) का विशालतम संग्रह, (लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड) माचिस,देसी विदेशी नोट,प्लास्टिक के नोट,देसी रियासतों के स्टांप पेपर आदि विभिन्न वस्तुओं का अनोखा संग्रह और भी कुछ उम्मीद से ज्यादा का प्रदर्शन आर्ट गैलरी में समायोजित किया गया है।आर्ट गैलरी के संयोजक राजेंद्र अग्रवाल 'शशि' ने बताया कि विन्ध्य चेम्बर के अध्यक्ष सतीश सुखेजा एवं महामंत्री संदीप जैन के दिशा निर्देश पर आर्ट गैलरी की उत्साहित टीम के सदस्यों की सोच मेहनत से आर्ट गैलेरी आज सभी का दिल जीतने में कामयाब हुई हैं। इस अवसर पर चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा,वरिष्ठउपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी,कनिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल , महामंत्री संदीप जैन,मंत्री हरिओम गुप्ता,सहमंत्री कमल कुमार पुरूस्वानी, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु सिंह अरोरा, दिलीप सोनी,अनिल कुमार मोटवानी,विनोद गुप्ता, चन्द्रभान दासानी, रोहित अग्रवाल 'लोहा',मनीष अग्रवाल, विपिन आर त्रिपाठी,संदीप चमड़िया,लक्ष्मीचंद्र पुरस्वानी, सुरेश बाषाणी,केशव माखीजा, विकास सुखेजा,विनोद यादव,सुधीर जैन,मनोज वलेजा विशेष आमंत्रित सदस्य संजय वाधवानी,अभिषेक जैन,महेन्द्र जैन,विराम जैन,सुधीर जैन,राजेश जैन, अविनाश तिवारी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मैहर-कटनी सड़क की गुणवत्ता पर उठे सवाल निर्माण के तुरंत बाद उखड़ने लगी डामर



**मैहर।** नेशनल हाईवे-30 पर हाल ही में करोड़ों की लागत से बनी मैहर-कटनी सड़क की हालत जर्जर होने लगी है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क मानकों के अनुरूप नहीं बनाई गई है, जिससे जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं और गिट्टी बाहर निकल आई है।सब इंजीनियर ने तकनीकी खामियों की बात स्वीकार की है और ठेकेदार को नोटिस जारी करने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषी निर्माण एजेंसी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### कांग्रेस ने किया स्मार्ट मीटर का विरोध वार्ड क्रमांक 9 में काम रुकवाया



**मैहर।** मैहर के पुरानी बस्ती (उत्तर दरवाजा क्षेत्र) में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का कांग्रेस ने कड़ा विरोध किया है। नव-नियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश प्रजापति ने मौके पर पहुंचकर विद्युत विभाग के कर्मचारियों को काम रोकने के लिए कहा। रमेश प्रजापति ने कहा कि स्मार्ट मीटर जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ हैं और बिना जन-सहमति के इन्हें नहीं लगने दिया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने घरों में ये मीटर न लगवाएं।

## वाराणसी राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में मैहर के खिलाड़ियों ने जीते 31 पदक

**मैहर।** वाराणसी के सिगरा स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में मैहर के 'मानव एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट' के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। मैहर के खिलाड़ियों ने कुल 31 पदक (8 स्वर्ण, 9 रजत और 14 कांस्य) जीते। स्वर्ण पदक जीतने वालों में विराट सिंह,आयुषी कुशवाहा, कर्णिका सूर्यवंशी,और वसुंधरा सोनी जैसे नाम शामिल हैं। कोच सचिन केवट के मार्गदर्शन में टीम ने यह बड़ी उपलब्धि हासिल की,जिससे मैहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है।



## खबर संक्षेप

### भ्रष्टाचार के अकंठ में डूबी महिला बाल विकास परियोजना गुन्नौर

**अमानगंज।** पन्ना जिले के हालात यह है कि जो अधिकारी कर्मचारी जिले में एक बार पद स्थापित हो जाता है,फिर वह अंगद की तरह है पैर जमा बैठते हैं, ऐसा ही नजारा पन्ना जिले की महिला बाल विकास परियोजना गुन्नौर में देखने को मिल रहा हैं,जहां वर्षों से एक ही जगह जमी परियोजना अधिकारी कीर्ति चंदेल एवं सुपरवाइजर चौरसिया मैडम भ्रष्टाचार का अध्याय लिख रही है, हाल ही में मंगल दिवस एवं मासिक बैठक के नाम पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से 500 रुपए एवं 100रु का चंदा वसूली करके भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है परंतु जिले के आला अधिकारी मिल बांट कर सहमति प्रदान कर रहे हैं दोनों अधिकारियों का पूर्व से ही विवादों से पुराना नाता रहा है जो जिले के जिम्मेदार अधिकारी मूक दर्शक बनकर देख रहे हैं। लेनदेन का वीडियो भी सोशल मीडिया में विगत दिनों जमकर वायरल हुआ था परंतु उनके खिलाफ आज तक कार्यवाही न होने के चलते इनके हौसले बुलंद हैं और आए दिन भ्रष्टाचार को यह अधिकारी अंजाम दे रही हैं जहां आम जनमानस में कानून के प्रति भरोसा उठता जा रहा है। यहां पन्ना जिले में अनेक आंगनबाड़ी केंद्र ऐसे भी हैं जहां बच्चों के नाम तो दर्ज हैं परंतु केंद्र में नहीं है केंद्र सरकार की इस योजना को जिले के आला अधिकारियों को सत्यता की जांच करानी चाहिए जिससे शासन की राशि का दुरुपयोग ना हो,वही सोशल मीडिया पर पैसों के लेनदेन के वायरल वीडियो को भी संज्ञान में लेकर जांच करानी चाहिए।

### ब्लॉक युवक कांग्रेस पवई ने जन समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**पवई।** नगर के वार्ड क्रमांक 04 के चौधरी बस्ती निवासी लोगों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर पन्ना के नाम ब्लॉक युवक कांग्रेस पवई ने तहसीलदार को ज्ञापन दिया है ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश बागरी ने बताया कि चौधरी बस्ती के लोगों द्वारा गत कई वर्षों से श्मसान भूमि के रूप मे उपयोग करते चले आ रहे है प्रशासन द्वारा जिस भूमि पर नवीन बिल्डिंग का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिससे चौधरी समाज के लोगों ने चिंता जाहिर की और प्रसाशन से मांग की है कि हमें श्मसान के लिए जम्मन उपलब्ध कराई जाए। इस मौके पर फुलारे चौधरी ,सिया प्रसाद चौधरी , ब्रजेश चौधरी, प्रदीप चौधरी, कोरैया चौधरी ,बिहारी चौधरी अमन बागरी ,रामावतार साहू और युवक कांग्रेस साथी ओर चौधरी बस्ती के लोग मौजूद रहे।

### हजारों किलोमीटर की यात्रा कर पवई पहुंचे प्रवासी गिद्ध, वन विभाग ने किए समुचित इंतजाम

**पवई।** शीत ऋतु के आगमन के साथ ही दक्षिण पन्ना वनमण्डल के पवई रेंज में प्रवासी पक्षियों की मौजूदगी दर्ज होने लगी है। हजारों किलोमीटर की दूरी तय कर यूरेशियन ग्रिफॉन और हिमालयन ग्रिफॉन गिद्ध पवई पहुंचे हैं, जो आगामी लगभग तीन माह तक यहां प्रवास करेंगे। यूरेशियन ग्रिफॉन कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान एवं मध्य एशिया से, जबकि हिमालयन ग्रिफॉन हिमालय, तिब्बत और मध्य चीन क्षेत्र से पवई तक की लंबी यात्रा कर यहां आते हैं। पवई की अनुकूल भौगोलिक स्थिति, विविध पारिस्थितिकी तंत्र और पर्याप्त भोजन उपलब्धता के कारण यह क्षेत्र प्रवासी गिद्धों के लिए एक सुरक्षित और उपयुक्त आवास बनता जा रहा है। वन परिक्षेत्र पवई की टीम द्वारा स्थानीय गौशालाओं से समन्वय स्थापित कर मृत पशुओं के सुरक्षित एवं वैज्ञानिक निस्तारण की व्यवस्था पर भी कार्य किया गया है, ताकि इन गिद्ध मेहमानों को पर्याप्त भोजन उपलब्ध हो सके। वन विभाग द्वारा किए जा रहे संरक्षण प्रयासों और सतत प्रबंधन के चलते दक्षिण पन्ना वनमण्डल की मेजबानी इन प्रवासी पक्षियों को कर्षित कर रही है। यह न केवल क्षेत्र की जैव विविधता की समृद्धि को दर्शाता है।

## जेके सीमेंट पन्ना की संवेदनशील पहल

# टीबी मुक्त भारत की दिशा में मजबूत कदम 200 मरीजों को पोषण किट व कंबल का वितरण




**अमानगंज। सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व के भाव को साकार करते हुए जेके सीमेंट पन्ना ने जिला चिकित्सालय पन्ना में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीवी (टीबी) मरीजों के लिए पोषण किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम जेके सीमेंट पन्ना के यूनिट हेड श्री कपिल अग्रवाल एवं एचआर हेड श्री अवनेश कुमार गौतम के नेतृत्व तथा जेके सीमेंट प्रबंधन के मार्गदर्शन में गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथियों में माननीय जिला कलेक्टर श्रीमती उषा परमार,खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा, पन्ना विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री उमराव मरावी, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती मीना राजे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश तिवारी एवं जेके सीमेंट सीएसआर हेड श्री मनीष कुमार शर्मा की विशिष्ट उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा लगभग 200 टीवी मरीजों को पोषण किट के साथ कंबल वितरित किए गए। पोषण किट में मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले आवश्यक पोषक तत्व शामिल किए गए, जिससे उपचार के साथ-साथ उनका आत्मबल भी मजबूत हो सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य तभी संभव है जब शासन, प्रशासन और उद्योग जगत मिलकर सामूहिक प्रयास करें। वहीं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने जेके सीमेंट पन्ना की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास न केवल स्वास्थ्य सुरक्षा बल्कि मानवीय संवेदना का भी उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन ने जेके सीमेंट पन्ना का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक सहयोग की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र बाजपेई, जिला क्षय अधिकारी (डीटीओ) श्री जितेंद्र यादव, डीपीसी विकास श्रीवास्तव, राजेश अराख, गोपाल, दिनेश सिंह, संजय परिहार, डॉ राकेश सोनी, साईं आशीष हेल्थ केयर मैनेजमेंट से डीपीएम राजेंद्र सिंह, अनीश शर्मा, काउंसलर चंदन यादव, दिलीप डामोर, भारती रैकवार, ध्रुव कुशवाहा, अनिल राजपूत, सहित जिला चिकित्सालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में जेके सीमेंट द्वारा प्रदाय की गई फूड बास्केट टीबी मरीजों को वितरित की गई। उपस्थित अतिथियों ने जेके सीमेंट के इस सामाजिक सरोकार की सराहना करते हुए इसे क्षय उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गई वित्तीय साक्षरता की जानकारी



### वित्तीय साक्षरता व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अमानगंज।** वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नाबार्ड भोपाल एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पन्ना के सहयोग से वित्तीय साक्षरता से संबंधित विषयों की जानकारी चयनित स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम दी। बताया गया कि ग्रीन नोवेल एजुकेशन वेलफेयर समिति द्वारा जिला पन्ना की समितियां अमानगंज,महुआडांडा, द्वारी, जसवंतपुरा में वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नाबार्ड के माध्यम से किया गया , जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक पन्ना की विभिन्न योजनाओं से कृषकों को लाभान्वित हेतु भाषण संगीत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, सुरक्षा बीमा योजना प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना बैंक की लघु बचत, गबन घोटाले से बचाव साइबर क्राइम से बचाव बैंक वसूली 0: ब्याज दर पर डिजिटल भुगतान धन उपार्जन धन ग्रेडिंग कराकर लाने हेतु विभिन्न जानकारी देते हुए कृषकों को प्रोत्साहित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहकारी बैंक प्रबंध जे एन पाठक, समितियां के प्रबंधक,भागीरथ पटेल, रामशरण तिवारी, संजय संजू रावत, सुशील दुबे, एवं जनता जनार्दन कृषक उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत वछोंन के ग्रामीणों ने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार जनपद अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन





**पवई।** मंगलवार को आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम पंचायत वछोंन के आधा सैकड़ा लोग जनपद पंचायत पवई पहुंचे और ग्राम पंचायत में व्याप्त अनिमितताओं को लेकर 8 सूत्रीय ज्ञापन जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहिनी आनंद मिश्रा व तहसीलदार त्रिलोक सिंह को सोपा गया है जिसमें ग्राम पंचायत वछोंन के रोजगार सहायक द्वारा की जा रही अनिमितताओं, बच्चों के आधार कार्ड न बन पाना, बड़े बुजुर्गों के नाम एसआईआर में ना जुड़ पाना, इसी तरह वन विभाग द्वारा मशीनों से कार्य कराते हुए ग्राम वासियों को कार्य न दिए जाने सहित अन्य समस्याओं का उल्लेख किया गया है ज्ञापन लेने के बाद जनपद अध्यक्ष मोहिनी आनंद मिश्रा ने कहा कि विभिन्न ग्राम पंचायतों से आने वाली समस्याओं को मेरे द्वारा निराकरण हेतु जिला पंचायत पन्ना भेजा जाता है किन्तु आज दिनांक तक किसी भी समस्या का निराकरण जिला पंचायत से नही किया गया है अब यह समस्याओं का ज्ञापन भी मै जिला पंचायत पन्ना को भेजूंगी और सात दिवस में जिला पंचायत पन्ना द्वारा यदि कार्रवाई नहीं की जाती है तो मैं भी आप लोगों के साथ धरने पर बैठकर आंदोलन करूंगी ,इस मौके पर जनपद उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह ग्राम पंचायत वछोंन सरपंच सहित आधा सैकड़ा ग्रामीण जन मौजूद रहे।

### अजयगढ़, जंगल से सटी कृषि भूमि विवाद में बड़ा कदम, 35 किसानों ने पेश किए दस्तावेज

**अजयगढ़।** वन व्यवस्थापन से जुड़े लंबे विवाद को सुलझाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। ग्राम बीरा और हरसेनी के 35 दावा करने वाले किसानों ने आज वन परिक्षेत्र अजयगढ़ कार्यालय में अपने दस्तावेज जमा कराए और कथन दर्ज कराए। एसडीएम आलोक मार्को के 16 दिसंबर के आदेश का अनुपालन करते हुए किसान सुबह 11 बजे कार्यालय पहुंचे। आदेश में स्पष्ट निर्देश था कि किसान अपनी कृषि भूमि के कब्जे और अधिकार संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करें तथा प्रशासन का सहयोग करें। वन परिक्षेत्र अधिकारी पंकज दुवे ने बताया कि एसडीएम के निर्देश पर किसानों की सुविधा के लिए विशेष न्यायालय लगाया गया। यहां वन अमला, पटवारी सहित पूरी टीम मौजूद रही। सभी किसानों के जंगलों से सटी भूमि के दस्तावेज जांचे गए, कथन लिए गए और पूरी कार्यवाही का प्रतिवेदन अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। यह कदम पन्ना जिले में वन-राजस्व भूमि विवादों के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल माना जा रहा है। किसानों ने प्रशासन के इस सहयोगात्मक रुख की सराहना की है। अब सभी की निगाहें एसडीएम के अगले फैसले पर टिकी हैं, जो जल्द ही इन दावों पर अंतिम निर्णय ले सकते हैं।



### मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा दुकान को बंद करने को बोला महिला द्वारा वहां से दुकान बंद करने के बाद भी बस स्टैंड में धड़ल्ले से अवैध दवाखाना संचालित करती रही

**पन्ना।** जिला प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण पन्ना जिले,तहसील एवं गांवों में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार हैं जिनके द्वारा फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा हैं। ऐसा ही एक मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर का आया हैं जहां देवेंद्रनगर थाना चंद कदमों की दूरी पर हैं एवं वहीं पर अस्पताल में कार्यरत नर्स,कंपाउंडर भी रहते हैं उसके बाबजूद भी जियो ऑफिस के बगल से बस स्टैंड के सामने हरिओम तिवारी देवेंद्रनगर के मकान में झोलाछाप महिला द्वारा अपने पति के साथ मिलकर आर्युवेदिक दवाखाना खोलकर अपने आप को नारी वैध विशेषज्ञ बनकर धड़ल्ले से पीड़ति मरीजों का इलाज किया जा रहा था जिसके द्वारा आर्युवेद की दुर्लभ जड़ी बूटियों रसायनों व भस्मो से निर्मित दवाइयों से कई प्रकार के इलाज किए जाने के दावे किए जा रहे थे। लगभग 7 माह से हर महीने की 9 एवं 23 तारीख को आकर 100 रुपए से लेकर 300 रुपए तक 15 दिन की दवाई के रजिस्ट्रेशन के तौर पर वसूली की जा रही थी। स्थानीय लोगों द्वारा जब महिला से इस संबंध में पूंछताँछ की गई लेकिन सही उत्तर न देने पर इसकी लिखित सूचना मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी देवेंद्रनगर को दी गई। सूचना मिलते ही डॉ अभिषेक जैन ने टीम गठित कर आर्युवेदिक दवाखाना का निरीक्षण किया। महिला से नाम पता व डिग्री की जानकारी ली। महिला द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। एवं मौके पर चूर्ण से बनी हुई बिना नाम रैपर की दवाइयां देते हुए पाई गई।

# मंदिर के बगल से शराब की दुकान हटाने विहिप-बजरंग दल का आज गुनौर बंद का आव्हान



**गुनौर। धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाली शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल ने प्रशासन को खुली चेतावनी दे दी है। गुनौर में मंदिर के ठीक बगल संचालित शराब दुकान को तत्काल हटाने की मांग करते हुए संगठन ने 24 दिसंबर को पूर्ण नगर बंद और बड़े पैमाने पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन की घोषणा की है।** संगठन का साफ कहना है अगर दुकान नहीं हटी तो आंदोलन और उग्र होगा, हजारों कार्यकर्ता और आमजन सड़क पर उतरेंगे!विहिप-बजरंग दल के प्रखंड गुनौर इकाई ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को एक औपचारिक निवेदन पत्र सौंपा है, जिसमें स्पष्ट लिखा है कि कई बार शिकायत के बावजूद मंदिर के पास शराब दुकान हटाने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे धार्मिक भावनाएं बुरी तरह आहत हो रही हैं। संगठन ने चेताया कि 24 दिसंबर बुधवार को सिली तिराहा से हरद्वाही मोड़ तक सुबह 12 बजे से अनिश्चितकालीन धरना होगा, जिसमें सभी समाज के लोग शामिल होंगे। मध्य प्रदेश में धार्मिक स्थलों के पास शराब दुकानों पर सख्त प्रतिबंध है। पन्ना जैसे पवित्र जिले में तो यह और भी संवेदनशील मुद्दा है। फिर भी गुनौर में मंदिर के बगल यह दुकान खुलेआम चल रही है, जो प्रशासन की लापरवाही को उजागर करता है। विहिप नेताओं का आरोप है कि सामाजिक-राजनीतिक संगठनों की बार-बार मांग के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई, जिससे असंतोष चरम पर पहुंच गया है। संगठन ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन की बात कही है, लेकिन चेतावनी दी है कि अगर दुकान नहीं हटी तो आंदोलन और तेज होगा। हजारों की संख्या में लोग जुटेंगे, पूरा गुनौर बंद रहेगा। प्रशासन से धरने की अनुमति मांगी गई है, लेकिन अगर अनुमति नहीं मिली तो भी आंदोलन रुकेगा नहीं।यह मामला एक बार फिर सवाल उठाता है दृ धार्मिक भावनाओं की अनदेखी कब तक? प्रशासन अब क्या कदम उठाएगा? आज का दिन गुनौर के लिए निर्णायक होगा। आंदोलन की आग भड़कने से पहले दुकान हटेगी या सड़कें गरजेंगी देखते रहिए।

# नकली सोना चाँदी के आभूषण बेचने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का किया खुलासा



**आरोपियों के कब्जे से नगद रूपये, 04 मोटर साइकिल, 10 मोबाइल तथा असली एवं नकली सोने चाँदी के आभूषण वजनी करीब 03 किलो680 ग्रामसहित कुल मशरूका कीमती करीब 5 लाख 44 हजार 500 रूपये का जप्त**

## घटना में शामिल राजस्थान के अंत्तर्राज्यीय गिरोह के 9 सक्रिय सदस्य गिरफ्तार



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडूके निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा थाना सलेहा के अप.क्र. 231/25 धारा 318 बी एन एस में फरियादी के साथ धोखाधड़ी करने वाले अंत्तर्राज्यीय गिरोह के 09 सक्रिय सदस्यो को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक22.07.2025को फरियादीअनिल गुप्ता पिता श्री रतनलाल गुप्ता, उम्र 35 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 12, सलेहाद्वारा थाना सलेहा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक10.07.2025को एक व्यक्ति मेरी दुकान में आया जिसने अपना नाम कैलाश कुमार निवासी राजस्थान का होना बताया। उक्त व्यक्ति द्वारा मुझसेकहा गया कि मेरे पास एक सोने की माला है जिसे मैं बेचना चाहता हूँ अगर तुम चाहो तो किसी सोने चाँदी की दुकान से सोने का परीक्षण करवा सकते हो इसके बाद उस व्यक्ति द्वारा माला से एकगुरियानिकालकर परीक्षण कराने हेतु मुझे देकर मेरा फोन नम्बर ले लिया गया था। मेरे द्वारा उक्त सोने की गुरिया का सत्यापन कराया गया जो वास्तव में सोना था। मैने विश्वास में आकर उक्त व्यक्ति से संपर्क किया जो उक्त व्यक्ति द्वारा दिनांक13.07.2025 को मुझे गुनौर बुलाया कर माला का सौदा 07 लाख रुपये में तय हुआ। तय राशि में से उसके द्वारा तत्काल 03 लाख रुपये लेकर शेष राशि बाद में देने को कहा गया मेरे द्वारा पैसो की व्यवस्था करने हेतु समय की माँग किये जाने पर उस व्यक्ति द्वारा शाम को पन्ना बुलाया गया। मैं पैसो की व्यवस्था करके पन्ना पहुँचा तो कैलास मुझे पन्ना मे मिला जिसने मुझसे पैसा लेकर कहा कि तुम रूको मैं माला लेकर आता हूँ। काफी देर बाद जब कैलाश नही आया तो मैने उसे फोन लगाया लेकिन कैलाश का फोन बंद आ रहा था। इस तरीके से उक्त व्यक्ति द्वारा मेरे साथ 03 लाख रूपयो की धोखाधड़ी कारित की गई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सलेहा में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 231/25 धारा 318 बी एन एस का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। मामले में थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह द्वारा घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा मामले को गंभीरता से लिया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम की सहायतार्थ जानकारी एकत्रित करने हेतु पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना को निर्देशित किया गया। पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से मिली जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम द्वारा मामले में 09 संदेहियो को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई जो आरोपियों द्वारा पुलिस टीम को बताया गया कि हम लोगो द्वारा सलेहा क्षेत्र में फरियादीअनिल गुप्ताको असली सोने की माला 07 लाख रुपयेमें बेचने का सौदा तय करके अनिल गुप्ता से पन्ना में 03 लाख रुपये नगद प्राप्त करमाला लाने का बहाना बनाकर फरार हो गये थे। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के बताये अनुसार आरोपियों के कब्जे सेनगद 01 लाख 22 हजार रूपये, घटना में प्रयुक्त 04 मोटर साइकिल वाहन कीमती करीब 3 लाख 20 हजार रूपये, 10 मोबाइल कीमती करीब 97500 रूपये एवं नकली सोने चाँदी धातु जैसे आभूषण वजनी करीब 3 किलो 680 ग्राम एवं असली सोना वजनी करीब 60 मिलीग्राम कीमती करीब 5000 सहित कुल मशरूका कीमती करीब 5 लाख 44 हजार 500 रूपये का जप्त किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

**जप्त सामग्री** - पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से नगद 01 लाख 22 हजार रूपये, घटना में प्रयुक्त 04 मोटर साइकिल वाहन कीमती करीब 3 लाख 20 हजार रूपये, 10 मोबाइल कीमती करीब 97500 रूपये एवं नकली सोने चाँदी धातु जैसे आभूषण वजनी करीब 3 किलो 680 ग्राम एवं असली सोना वजनी करीब 60 मिलीग्राम कीमती करीब 5000 सहित कुल मशरूका कीमती करीब 5 लाख 44 हजार 500 रूपये का जप्त किया गया है।

**तरीका-ए-वारदात** - आरोपीगण अपने अन्य साथियों के साथ समूह बनाकर विभिन्न स्थानों पर नाम बदल-बदलकर लोगों को यह बताकर कि खुदाई के दौरानगड़ा हुआ पुराना धन (चाँदी के सिक्के/सोने की मोहर)प्राप्त हुआ है, रुपये की आवश्यकता होने के कारण उसे बेचने का झांसा देता था। विश्वास में लेने हेतु आरोपियों द्वारा जांच के लिएअसली सोने का छोटा टुकड़ा (गुरिया/तार)दिया जाता था तथा जांच उपरांत लोगों कोसोने जैसी धातु से बने नकली आभूषण (माला)देकर रुपये लेकर फरार हो जाते थे।

**गिरफ्तार आरोपी** - 1.जगदीश सोलंकी पिता केसाराम सोलंकी उम्र 29 वर्ष निवासी थूरथाना रामसिंह जिला जलोद राजस्थान 2.लक्ष्मण सोलंकीपिता मानसाराम सोलंकीउम्र 35 वर्षनिवासी बीबलसरथाना बागराजिला जालोर राजस्थान, 3.पिटाराम पिता बालाराम सोलंकी उम्र 32 साल निवासी ग्राम थूर थाना रामसिंह जिला जलोद राजस्थान, 4. पुजाराम पिता रामराम राठौर उम्र 50 साल निवासी उम्मेदाबाद थाना बिशनगढ़ जिला जलोढ राजस्थान 5. परसा राम पिता दयाराम सांकला उम्र 36 निवासी सिकोड़ा थाना रामसिंह जिला जलोद राजस्थान 6.कालूराम पिता आशाराम सोलंकी उम्र 42 साल निवासी थूर थाना रामसिंह जिला जलोंद राजस्थान, 7.सुनील पिता ननबा बागड़े उम्र 44 साल निवासी खेमपुर थाना प्रताप नगर जिला उदयपुर राजस्थान 8.अजय बागड़े पिता सुनील 18 साल निवासी खेमपुर थाना प्रतापनगर जिला उदयपुर, राजस्थान 9. शंकर राठौड़ पिता पदमाराम राठौड़ 20 साल निवासी उम्मेदाबाद थाना बिशनगढ़ जिला जलोढ राजस्थान

**सराहनीय योगदान** - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह, सउनि भैयामन सिंह, प्र.आर. विपिन पाण्डेय, राजेश कुमार, आदित्य कुशवाहा, गोविन्द सिंह, आर. गौरव सिंह, बबलू पटेल, शैलेन्द्र, विनय, भरत पाण्डेय, जीतेन्द्र जौनवार एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त टीम को पुरस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

**खबर संक्षेप**

## गौतम होटल खजुराहो के फूड प्वाईजिनिंग मामले में 5 वें कर्मचारी की मौत

**छतरपुर।** जिले कि विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो के गौतम होटल के फूड प्वाईजिनिंग मामले में 5 वें कर्मचारी दयाराम कुशवाहा की ईलाज के दौरान मौत हो गई है। इसके पहले 4 कर्मचारियों की मौत हो चुकी है, और कई लोग फूड प्वाईजिनिंग से पीड़ित भी रहे। सभी मृतक कर्मचारियों का पोस्टमार्टम कराया गया था। जिसमें यह पाया गया था कि जहरीला पदार्थ खाने से मौत हुई है, लेकिन मामला संदिग्ध था इसलिए बिसरा जांच के लिए सागर, भोपाल भेजा गया था। इस मामले में गौतम होटल का लाईसेंस भी सीएमएचओं ने निरस्त कर दिया था। तथा जिला कलेक्टर ने फूड सेफ्टी अधिकारी बेद प्रकाश चौबे को कारण बताओ नोटिस जारी कर निलंबन का प्रस्ताव भी भेजने के निर्देश दिए थे। लेकिन अब गौतम होटल के फूड प्वाईजिनिंग मामले में अस्पताल में भर्ती 5 वें कर्मचारी की मौत भी हो गई है। परंतु इस पूरे मामले में फूड सेफ्टी अधिकारियों पर कोई ठोस कार्यवाही नही हुई है। जिससे प्रशासन की कार्यशैली भी अब कटघरे की घेरे में आती जा रही है।

## छतरपुर में शराब ने ली युवक की जान

**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां शराब के नशे में कुएं के पास जाना एक युवक को भारी पड़ गया और उसकी जान चली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंकज कुशवाहा उम्र 30 वर्ष पिता जग्गू कुशवाहा, सोमवार रात करीब 9 बजे अपने घर के खेत पर अकेले बैठकर शराब का सेवन कर रहा था। नशे की हालत में वह खेत के पास बने कुएं के किनारे जा बैठा। इसी दौरान संतुलन बिगडने से वह कुएं में गिर गया और डूब गया।

## विश्वविद्यालय में छात्रों का प्रदर्शन, समस्याओं के निराकरण की उठाई मांग

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में मंगलवार को छात्रों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन बुंदेलखंड छात्र शक्ति संगठन के बैनर तले किया गया। छात्रों ने खराब परीक्षा परिणाम, विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की कमी, पीने के पानी की समस्या तथा आपत्तिजनक सामग्री मिलने जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर नाराजगी जताई और कुलगुरु को ज्ञापन सौंपा। बुंदेलखंड छात्र शक्ति संगठन के सतेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस सत्र में बड़ी संख्या में छात्रों के परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं आए हैं। कई छात्रों को सप्लीमेंट्री दी गई है, जिससे उनकी आगे की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने मांग की कि परीक्षा परिणामों की पुनः समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय परिसर में बाहरी असामाजिक तत्वों का लगातार आना-जाना बना रहता है, जिससे छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है और आए दिन विवाद की स्थिति बनती है। इससे नियमित कक्षाएं भी प्रभावित हो रही हैं। छात्रों ने विश्वविद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, सीसीटीवी कैमरे लगवाने और निगरानी बढ़ाने की मांग की। इसके साथ ही छात्रों ने विश्वविद्यालय में पीने के पानी की बदहाल व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि कई पानी की टंकियां बंद पड़ी हैं और वाटर कूलर खराब हैं। कक्षाओं और परिसर की नियमित साफ-सफाई न होने से स्वच्छ वातावरण नहीं मिल पा रहा है। छात्रों ने कुलगुरु से मांग की कि इन सभी मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए, ताकि विश्वविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण बेहतर हो सके और पढ़ाई सुचारू रूप से संचालित हो। इस संबंध में कुलगुरु राकेश सिंह कुशवाह ने कहा कि यदि परीक्षा परिणामों में किसी प्रकार की गड़बड़ी सामने आती है तो उसकी जांच कराई जाएगी और लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पानी की समस्या के समाधान के लिए तीन नए वाटर कूलर लगवाए जा रहे हैं, जिससे छात्रों को राहत मिलेगी।

### शराब पीने का वीडिओ वायरल होने पर आए थे चर्चाओं में, नए कुल गुरू के आने पर कुल सचिव ने जारी किया आदेश

# लैब टैक्नीशियन के पद से हटाए गए आकाश जैन, अब भौतिक शास्त्र विभाग की प्रयोगशाला में देंगे सेवाएं

**छतरपुर। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में पिछले कई माह पूर्व शराब खोरी का वीडियो वायरल हुआ और इस बीडियो के माध्यम से लैब टैक्नीशियन आकाश जैन चर्चाओं में आए थे। लेकिन अभी तक उनके विरूद्व विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई थी, जबकि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा भी इस मामले की जांच के आदेश दिए गए थे लेकिन तत्कालीन कुलगुरू के संरक्षण में आकाश जैन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई थी।**

जैसे ही एक पखवाड़े पूर्व कुल गुरु श्रीमती तिवारी को हटाकर नए कुल गुरू की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की गई । इसके बाद से ही विश्वविद्यालय में खलबली मच गई और इस मामले पर आगे कोई बड़ी कार्यवाही होने से पहले कुलसचिव डॉ. यशंवत पटेल ने 22 दिसम्बर 2025 को आदेश क्रमांक 45 27/स्थापना/2025 छतरपुर दिनांक 22-12-2025 के द्वारा एक आदेश जारी किया जिसमें आकाश जैन प्रयोगशाला तकनीशियन को वर्तमान के सभी कार्य दायित्वों से मुक्त करते हुए उन्हें भौतिक शास्त्र विभाग में प्रयोगशाला तकनीशियन के दायित्वों के निर्वाहन हेतु तत्काल प्रभाव से पदस्थ किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील रहेगा। इस आदेश की प्र ति यां विश्वविद्यालय के कुलगुरू सहित सभी महत्वपूर्ण विभागों को भेजी गई है।

### आकाश जैन के पास कौन कौन थे प्रभार



लैब तकनीशियन आकाश जैन के पास विश्वविद्यालय में महत्वपूर्ण प्रभार थे इन महत्वपूर्ण प्रभारों में जैसे छात्रवृत्ति, आवास, गांव की बेटी योजना, प्राईवेट परीक्षा फार्म, रैगुलर परीक्षा जैसे प्रभार थे। बीक्षकों के बर्ष 2023-24 एवं 24-25 के बीक्षांकन के पैसे भी आकाश जैन द्वारा खातें में नहीं डाले गए थे जबकि नई परीक्षा चालू हो चुकी है लेकिन इसके बावजूद भी वह मनमानी करते रहें।

### छात्रवृत्ति शाखा में आधी रात को पी रहे थे आकाश जैन शराब, वीडिओ हुए थे वायरल

करीब 2-3 माह पूर्व विश्वविद्यालय की छात्रवृत्ति शाखा में आकाश जैन और उसके साथियो का शराब पीते हुए बीडियो बायरल हुआ था। यह बीडियो बायरल होने के बाद विश्वविद्यालय की छबि खराब हुई थी और उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के अपर सचिव को जैसे ही इसकी जानकारी मिली थी उन्होंने समस्त वीडियो और जानकारी विश्वविद्यालय प्रशासन से मांगी थी लेकिन तत्कालीन कुलगुरू इस पूरे मामले को रफा दफा करने का प्रयास करती रही। और संपूर्ण जानकारी उच्च शिक्षा विभाग तक भेजने में लापरवाही करती रही, ताकि आकाश जैन पर कोई कार्यवाही न हो सके। लेकिन जब कुल गुरू शुभा तिवारी का काला चिठठा राज्यपाल तक पहुंचा। और उन्हें कुलगुरू के पद से हटाया गया, तो अब कुल सचिव ने लैब तकनीशियन आकाश जैन से सभी प्रभार छीनकर उनके मूल पद पर भेज दिया है।

# महाराजा छत्रसाल 70 वें लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरे राउंड के खेले गए 4 रोमांचक मुकाबले

**नौगांव।** नौगांव को क्रिकेट का मक्का कहा जाए तो कोई दो राह नहीं क्योंकि यहां युवाओं पर क्रिकेट का खुमार इस प्रकार चढ़ा है कि जहां देखो वहां आपको क्रिकेट देखने को मिलता है। मंगलवार को खेले गए दूसरे राउंड के चार मुकाबले। सभापति प्रतिनिधि अमित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि दिन का पहला और दूसरा मुकाबला पहले राउंड का खेला गया जब के चार मुकाबले दूसरे राउंड के खेले गए । राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में बुधवार को खेले गए 6 मुकाबले पहला मुकाबला पिपरी सुपर बनाम चांदौरा 11 के मध्य खेला गया चांदौरा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 33 बनाए और 34 रनों का लक्ष्य दिया जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पिपरी सुपर की टीम ने इस मैच को बड़ी ही आसानी से 5 विकेट से जीत लिया दिन का दूसरा मुकाबला नौगांव वॉरियर्स बनाम वनछौरा 11 के मध्य खेला गया नौगांव वॉरियर्स ने टॉस जीतकर शानदार पहले बल्लेबाजी करते हुए 91 रन बनाए और 92 रनों का लक्ष्य दिया नौगांव वॉरियर्स की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए अमित चंदेल ने 16 गेंद पर 36 रन बनाए जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बंछौरा की टीम मात्र 45 रन ही बना सकी और इस मैच को नौगांव वॉरियर्स ने 47 रानो से जीत लिया दिन का तीसरा मुकाबला डॉक्टर के एन स्पोर्टिंग बनाम डैन बिल्जेरियन के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर एन स्पोर्टिंग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 61 रन बनाए और 62 रनों का लक्ष्य दिया जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी डैन बिल्जेरियन ने इस मैच को चार विकेट से जीत लिया दिन का चौथा मुकाबला ग्रीन पिपरी बी बनाम मां पीतांबरा कार बाजार के मध्य खेला गया जो की काफी रोमांचक हुआ मां पीतांबरा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 63 रन बनाए और 64 रानो का लक्ष्य दिया लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्रीन पिपरी बी की टीम ने मैच को आखिरी ओवर की आखिरी गेंद पर सात विकेट से मैच को जीत लिया ग्रीन पिपरी बी की और से शानदार बल्लेबाजी करते हुए सौरभ रैकवार ने 8 गेंद पर 17 रन बनाएं और अपनी टीम को तीसरे राउंड में पहुंचा दिया दिन का पांचवा मुकाबला मूनलाइट 11 बनाम एलिट ईगल्स के मध्य खेला गया एलिट ईगल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49 रन बनाए और 50 रनों का लक्ष्य दिया लक्ष्य का पीछा करने उतरी मूनलाइट की टीम ने इस मैच को दो विकेट से जीत लिया दिन का छठवा और अंतिम मुकाबला धौरा सरकार बनाम किंग 11 सी के मध्य खेला गया घौरा सरकार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 74 रन बनाए और 75 रनों का लक्ष्य दिया लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग इलेवन की टीम मात्र 38 रन ही बना सकी और इस मैच को धौरा सरकार ने 37 रन से मैच को जीत लिया।



# ग्राम मोटे का पुरवा में 24 घंटे बिजली की मांग, कलेक्टर को सौंपा आवेदन



**छतरपुर।** तहसील ईशानगर अंतर्गत ग्राम पंचायत पनोठा के ग्राम मोटे का पुरवा के ग्रामीणों ने गांव में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की मांग को लेकर छतरपुर कलेक्टर के नाम मंगलवार को आवेदन सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ स्कूली बच्चे भी जनसुनवाई में पहुंचे और बिजली की समस्या से प्रशासन को अवगत कराया। आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगभग 150 से 200 परिवार निवासरत हैं, लेकिन वर्तमान में मात्र 10 घंटे ही बिजली आपूर्ति हो रही है। इससे ग्रामीणों के दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं, वहीं बच्चों की पढ़ाई पर भी इसका गंभीर असर पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश घरों के घरेलू विद्युत कनेक्शन विधिवत दर्ज हैं, इसके बावजूद नियमित और पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। जबकि आसपास के गांवों में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। बिजली की अनियमितता के कारण विशेष रूप से स्कूली बच्चों को नुकसान उठाना पड़ रहा है, क्योंकि बोर्ड परीक्षाएं नजदीक हैं और बिजली कटौती से वे ठीक से अध्ययन नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पूर्व में इस समस्या को लेकर विद्युत विभाग ईशानगर में आवेदन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने कलेक्टर से मांग की है कि गांव की बिजली समस्या का शीघ्र निराकरण कर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों और छात्रों को राहत मिल सके।

# दो सूत्रीय मांगों को लेकर मप्र विद्युत मंडल पेंशनर्स का धरना

### मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के पेंशनर्स ने अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को विद्युत मंडल कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान पेंशनर्स ने आम सभा आयोजित कर अपनी मांगों को मजबूती से रखा और सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की।पेंशनर्स की प्रमुख मांगों में भविष्य में मिलने वाली पेंशन की गारंटी सुनिश्चित किया जाना तथा केंद्र सरकार के समान महंगाई राहत प्रदान किया जाना शामिल है। पेंशनर्स का कहना है कि लगातार बढ़ती महंगाई के कारण वर्तमान पेंशन अपर्याप्त साबित हो रही है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। धरना स्थल पर मौजूद पेंशनर्स ने यह भी मांग की कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ एक बैठक आयोजित कराई जाए, ताकि पेंशनर्स की वास्तविक स्थिति और मांगों पर सीधे चर्चा हो सके।धरना और आम सभा के उपरांत पेंशनर्स ने अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। पेंशनर्स ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर सुरेश बाबू खरे, रामसेवक गोस्वामी, राकेश सिंह हिंदवाशिया, आर.ए. मिश्रा, मनीराम श्रीवास्तव, एम.सी. गुप्ता, एम.सी. अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में विद्युत मंडल के पेंशनर्स मौजूद रहे।



## गौसेवक मैत्री को नियुक्ति व नियमित मानदेय की मांग, कार्य बंद करने की चेतावनी

**छतरपुर।** गौसेवक मैत्री संघ ने मंगलवार को जनसुनवाई के माध्यम से कलेक्टर छतरपुर को आवेदन देकर अपनी नियुक्ति सुनिश्चित करने और नियमित मासिक मानदेय देने की मांग की है। आवेदन में बताया गया कि गौसेवक मैत्री पिछले 20 से 22 वर्षों से पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण, वदियाकरण, प्राथमिक उपचार सहित सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने का कार्य कर रहे हैं। संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि लंबे समय से सेवाएं देने के बावजूद अब तक सरकार एवं विभाग द्वारा गौसेवक मैत्री के भविष्य को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इसी के चलते संघ ने चेतावनी दी है कि 17 दिसंबर से पशुपालन विभाग द्वारा कराए जा रहे सभी ऑनलाइन कार्य बंद कर दिए जाएंगे। जब तक नियमित मासिक मानदेय अथवा भविष्य को लेकर निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक कार्य बंद रहेगा। गौसेवक मैत्री संघ ने कहा कि 22 दिसम्बर 25 को उपसंचालक द्वारा जारी उस नोटिस पर भी आपत्ति जताई है, जिसमें किट, प्रमाण पत्र और सिलेंडर वापस करने के निर्देश दिए गए हैं। संघ ने इस नोटिस को तत्काल वापस लेने की मांग की है। इसके साथ ही संघ के सदस्यों ने कहा कि दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के अंतर्गत प्रति घर दी जा रही 5 रुपये की राशि को बढ़ाकर 50 से 100 रुपये करने की मांग की गई है। गौसेवक मैत्री का कहना है कि एक घर तक पहुंचने में 50 से 100 रुपये तक पेट्रोल खर्च होता है और 30 से 50 मिनट का समय लगता है, ऐसे में 5 रुपये की राशि बेहद कम है।

# एनसीएल ने सीएचपी रखरखाव एवं स्वच्छता केंद्रित 'वार्षिक रखरखाव एवँ स्वच्छता सप्ताह अभियान' का किया शुभारंभ



**सिंगरौली।** स्थित कोल इंडिया लिमिटेड की अग्रणी अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने एक नवाचारी पहल के तहत आज से अपनी सभी परियोजनाओं में अवस्थित कोल हैंडलिंग प्लांट्स (सीएचपी) के रखरखाव एवं स्वच्छता पर केंद्रित 'वार्षिक रखरखाव एवँ स्वच्छता सप्ताह अभियान' का शुभारंभ किया । इस अभियान के अंतर्गत एनसीएल के सभी विभागीय सीएचपी, आउटसोर्सिंग सीएचपी सहित सभी एफएमसी परियोजनाओं का निरीक्षण निरीक्षक दलों द्वारा किया जा रहा है । एनसीएल मुख्यालय के निर्देशन में विद्युत और यांत्रिक और सीएचपी विशेषज्ञों की अलग अलग टीमों द्वारा कोल हैंडलिंग प्लांट्स का निरीक्षण किया जा रहा है । एफएमसी परियोजनाओं के रख रखाव और स्वच्छता के दृष्टिगत इस वार्षिक सप्ताह मनाने का उद्देश्य इनके रखरखाव एवं गुणवत्ता में सतत सुधार सुनिश्चित करना है । इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सीएचपी परिचालकों / परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने की भी योजना है ।सूत्रों की माने तो इस हेतु पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन एनसीएल मुख्यालय सिंगरौली में आगामी 29 दिसंबर 2025 किया जाएगा। गौरतलब है कि कोल हैंडलिंग प्लांट्स से सुरक्षित , स्वचालित और पर्यावरण अनुकूल विधि से खदानों से निकले कोयले का प्रेषण किया जाता है ।

## एनटीपीसी विंध्याचल विंध्य क्लब द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस उत्सव

**सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल के विंध्य क्लब में 21 दिसंबर 2025 को आयोजित क्रिसमस समारोह के दौरान उत्सवपूर्ण रंगों, हंसी और उमंग का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस आयोजन ने क्लब के सदस्यों एवं उनके परिवारजनों को एक साथ जोड़ते हुए आपसी सौहार्द और उल्लासपूर्ण वातावरण का सृजन किया।**

कार्यक्रम के दौरान बच्चों, महिलाओं एवं पुरुषों के लिए आयोजित विभिन्न मनोरंजक खेलों ने सभी को उत्साहित और व्यस्त बनाए रखा। सांता क्लॉज़ का आगमन समारोह का प्रमुख आकर्षण रहा, जिन्होंने बच्चों को उपहार वितरित कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। केक कटिंग समारोह ने कार्यक्रम में मधुरता का रंग भरा। इसके पश्चात आकर्षक पुरस्कारों के साथ ग्रैंड तम्बोला का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ वरिष्ठ प्रबंधन टीम के सदस्य श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम) तथा श्री एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम) भी उपस्थित रहे। संपूर्ण संध्या ने क्रिसमस की वास्तविक भावना, खुशी, सौहार्द और उत्सवी उल्लास को सजीव करते हुए सभी के लिए अविस्मरणीय स्मृतियाँ छोड़ीं।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित, फरियादियों की समस्याएँ सुनी गईं

**सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सिंगरौली में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी शिकायतें प्र स्तु त कीं।जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएँ गंभीरता से सुनीं।**



कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया तथा शेष आवेदनों पर त्वरित एवं वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु संबंधित राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिन्हा,थाना प्रभारी विंध्यनगर अर्चना दिवेदी, थाना प्रभारी नवानगर कपूर त्रिपाठी, महिला थाना प्रभारी आराधना सिंह परिहार, उप निरीक्षक स्वतंत्र रावत सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।*महिला फरियादियों की शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए महिला अधिकारियों द्वारा उनकी काउंसलिंग कराई गई तथा उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।*सिंगरौली पुलिस आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है तथा जनहित में ऐसी जनसुनवाई कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के अध्यक्षता में स्टैडिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न



**सिंगरौली ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के गौरव बैनल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई।बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2026 के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर राजनैतिक दलों को प्रारंभिक प्रकाशन की सूची के साथ मतदान केन्द्रो की जानकारी भी प्रदान की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी राजनैतिक दल अपने नियुक्त किए गए बीएलए के माध्यम से नो मैपिंग श्रेणी अंतर्गत सूची का परीक्षण करे। साथ ही अब्सेंट, सिफ्टेड एवं डेथ श्रेणी में आने की वजह से कोई नाम यदि छूट गये हो तो उसकी जानकारी संबंधित अधिकारी के संज्ञान में लाये। बैठक के दौरान एसडीएम सिंगरौली सुरेश जाधव सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## जवाहरलाल नेहरू टेक्नोलॉजी कालेज में आयोजित की गई कार्यशाला

रीवा। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नयन सिंह के निर्देशन में 12 दिसंबर से 19 दिसंबर तक कार्यस्थल पर पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न सप्ताह मनाया गया।कार्यक्रम का आयोजन जवाहरलाल नेहरू टेक्नोलॉजी (JNCT)रीवा में किया गया।आयोजित कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर मिथिलेश यादव के द्वारा बच्चों को साइबर सिक्योरिटी के बारे में विस्तार से बताया गया एवं उनके द्वारा बताया गया कि बच्चे अपने करियर को कैसे बनाएं। बाल संरक्षण अधिकारी स्वाति श्रीवास्तव द्वारा पासको एक्ट के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि प्राइवेट संस्था हो या सरकारी कार्यालय जहां 10 या 10 से ज्यादा कर्मचारी कार्यरत हैं वहां आंतरिक परिवाद समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है।यदि किसी कार्यालय आंतरिक परिवाद समिति का गठन न किया गया हो तो ₹50000 का जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान है। कार्यक्रम मे बेनिसन हेल्पिंग वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष श्लेषा शुक्ला के द्वारा बच्चों को आत्मनिर्भर कैसे बनते हैं एवं सेल्फ डिफेंस कैसे किया जाता है एवं सामाजिक दायित्व का निर्वहन कैसे किया जाता है इसके बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ मिहिर पाण्डेय डीन - अनुभव पांडे रजिस्ट्रार -जे एस परिहार सीनियर फैकल्टी - प्रोफेसर अनीता त्रिवेदी एवं अमर सिंह उपस्थित रहे

## जिला न्यायालय को भारतीय रेडक्रास सोसायटी ने प्रदान की व्हील चेयर

रीवा। भारतीय रेडक्रास सोसाईटी द्वारा नव निर्मित नवीन न्यायालय भवन में दिव्यांग पक्षकारों के न्यायालय परिसर मे न्यायालय कक्ष मे एवं अन्य अनुभागों में आवागमन को सुलभ एवं सुगम बनाने हेतु नवीन न्यायालय भवन को एक व्हील चेयर प्रदान की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान द्वारा दिव्यांग पक्षकारों के न्यायालय परिसर में आवागन में समस्या को ध्यान रखते हुये व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चत कराने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया गया था। तदनुक्रम में भारतीय रेड कास सोसायटी के चेयर मैन प्रभाकर चतुर्वेदी द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश को एक व्हील चेयर सौंपी गई। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्रीमती शिवानी शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्र, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा, एवं अन्य जन उपस्थित रहे।

## राजनिवास गैंगरेप कांड में न्यायालय ने सुनाया फैसला, महंत सीताराम सहित 5 को आजीवन कारावास, संजय त्रिपाठी सहित चार आरोपी दोषमुक्त

रीवा। रीवा के बहुचर्चित राजनिवास गैंगरेप कांड में न्यायालय ने मंगलवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) पद्मा जाटव की अदालत ने मुख्य आरोपी महंत सीताराम उर्फ विनोद पांडे सहित पांच दोषियों को उनके शेष प्राकृतिक जीवन (अंतिम सांस तक) के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, दोषियों पर 1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। घटना 28 मार्च 2022 की है, जब रीवा के सर्किट हाउस (राजनिवास) के कमरा नंबर 4 में एक नाबालिग किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। मिली जानकारी अनुसार आरोपी विनोद पांडे ने पीड़ित को किसी काम का झांसा देकर सर्किट हाउस बुलाया था। वहाँ उसे नशीली शराब पिलाई गई और फिर महंत सीताराम और अन्य साथियों ने उसके साथ गैंगरेप किया।

# कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई संपन्न, 68 आवेदन हुए प्राप्त

**रीवा। मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट में 68 आवेदकों के आवेदन प्राप्त हुए। संयुक्त कलेक्टर राजेश कुमार सिन्हा एवं जीपी अग्रवाल ने जनसुनवाई करते हुए प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया।** जनसुनवाई में छोटेलाल कोल सहित अन्य खारा ग्राम वासियों ने वनाधिकार पट्टा दिये जाने का आवेदन दिया जिसे जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग को कार्यवाही करने के लिये प्रेषित किया गया। इसी प्रकार कुशहा निवासी लोकेश प्रसाद मिश्रा के अवरूद्ध रास्ता को खोलने, डीही मनगवां निवासी गणेश प्रसाद कोल के निर्माण कार्य को रोके जाने, लौआ निवासी तीरथ प्रसाद पाण्डेय के स्थगन जारी होने से भूमि विभाजन कार्य में रोक लगाने के आवेदन को संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही के लिये प्रेषित किया गया। हरिजन सामूहिक कृषि सहकारी समिति कोटराखुर्द के अध्यक्ष ने भूमि आवंटन में प्राथमिक सदस्यों को वरीयता देने, रामसिंह बघेल बगैरह निवासी सलैया के रास्ता बहाल करने, शिवकुमार, अंगद प्रसाद आदि खैरा निवासी के अवरूद्ध रास्ता से अवरोध हटाने तथा गंगा प्रसाद पाठक निवासी रौरा संसारपुर के नक्शा तरमीम के आवेदनों में संबंधित तहसीलदार को समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जबकि मिथिलेश कुमार सिंह निवासी तेंदुआ कोठार के नहर का मुआवजा देने के आवेदन पर भूअर्जन प्रभारी को, टिकुरी 37 निवासी शिवबहोर मिश्रा के गरीब कल्याण योजनान्तर्गत राशन प्रदान करने के आवेदन पर खाद्य विभाग को तथा कुशवार निवासी मुन्नीलाल साकेत के बिजली बिल में सुधार के आवेदन पर विद्युत विभाग को समाधान कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# कार्यशाला का आयोजन संपन्न

रीवा। कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न सप्ताह 12 से 19 दिसंबर तक मनाए जाने के क्रम में कार्यशाला का आयोजन जवाहरलाल नेहरू टेक्नोलॉजी में किया गया। कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर मिथिलेश यादव द्वारा बच्चों को साइबर सिक्योरिटी के बारे में विस्तार से बताया गया। बाल संरक्षण अधिकारी स्वाति श्रीवास्तव द्वारा ने पाक्सो एक्ट के बारे में विस्तार से बताया गया बताया। उन्होंने कहा कि किसी कार्यालय में आंतरिक परिवाद समिति का गठन न किया गया हो तो पचास हजार रूपये का जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान है। कार्यक्रम में बेनिसन हेल्पिंग वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष श्लेषा शुक्ला द्वारा बच्चों को आत्मनिर्भर बनने एवं सामाजिक दायित्व का निर्वहन करने की समझाइश दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ मिहिर पाण्डेय, डीन -अनुभव पांडे, रजिस्ट्रार -जे एस परिहार, सीनियर फैकल्टी -प्रोफेसर अनीता त्रिवेदी एवं अमर सिंह सहित शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विश्व ध्यान दिवस पर रीवा में सहज योग आत्म साक्षात्कार ग्रामोन्मुख अभियान

**रीवा।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर सहज योग, रीवा द्वारा आत्मसाक्षात्कार (Self-Realisation) ग्रामोन्मुख अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मानसिक शांति, आत्मिक जागरूकता तथा समग्र स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का आयोजन सहज योग के समर्पित साधकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर रीवा जिले के आसपास के अनेक गाँवों में जाकर ग्रामीणों को सहज योग ध्यान की सरल एवं सहज विधि से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में सहज योग की संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी के जीवन-दर्शन और आत्मसाक्षात्कार के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्व ध्यान दिवस के महत्व एवं आधुनिक जीवन में ध्यान की आवश्यकता पर चर्चा से हुई। सहज योग ध्यान बिना खर्च के व्यक्ति को मानसिक, भावनात्मक एवं शारीरिक संतुलन प्रदान करता है। इसके पश्चात सामूहिक ध्यान सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित ग्रामीणों ने आत्मसाक्षात्कार का अनुभव किया।अभियान के दौरान मानसिक स्वास्थ्य, तनाव मुक्ति, नशामुक्त जीवन, पारिवारिक सौहार्द एवं सामाजिक समरसता में ध्यान की भूमिका पर विशेष बल दिया गया। ग्रामीणों की सहभागिता उल्लेखनीय रही, जिसमें महिलाएँ, युवा एवं वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए।यह आयोजन इस संदेश के साथ संपन्न हुआ कि सच्ची शांति आत्मसाक्षात्कार के माध्यम से भीतर ही प्राप्त होती है।

अमहिया पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# सिरमौर चौराहा रीवा में गुंडागर्दी करना पड़ा भारी

## थाना अमहिया पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया



**रीवा। पुलिस अधीक्षक रीवा शैलेंद्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक डा. रितु उपाध्याय के निर्देशन में थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल ने थाना स्टाफ के साथ मिलकर अडीबाजी के आरोपी को गिरफ्तारी कर भेजा जेल।**

फरियादी प्रदुम्न मिश्रा पिता लवकुश प्रसाद मिश्रा उम्र 27 वर्ष निवासी कैलाशपूरी थाना विश्वविधालय जिला रीवा का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की समय करीबन 05:00 बजे शाम अपने दोस्त धर्मेन्द्र प्रसाद तिवारी के साथ सिरमौर चौराहा ओवर ब्रिज के नीचे सत्यम टी स्टाल के बगल मे कबाब पराठा खा रहे थे तभी गायत्री नगर निवासी अजय विश्वकर्मा, शुभम पटेल, पवन विश्वकर्मा एवं अक्की राजपूत जिन्हे मै पहले से जानता पहचानता हूँ आए और अजय विश्वकर्मा ने मुझसे बोला की बहुत दिन बाद मिले हो आज हम लोगों को शराब पीने के लिए पैसा चाहिए तब मैंने बोला की मेरे पास पैसे नहीं है मै नहीं दे सकता तभी अजय विश्वकर्मा एवं उसके साथियों ने मुझसे बोला की तुम पैसे कैसे नहीं दोगे तभी अजय विश्वकर्मा एवं उसके साथी सुभम पटेल, पवन विश्वकर्मा एवं अक्की राजपूत मुझे भद्दी भद्दी गाली देते हुए हाथ मुक्का लात एवं डंडे से मारपीट करने लगे तब मैंने हल्ला गोहार किया तो मेरे दोस्त धर्मेन्द्र प्रसाद तिवारी एवं आसपास के लोग आकर बीच बचाव किए तब चारों लोग जाते जाते धमकी देते हुए बोले की अगर तुमने अगली बार हमे शराब पीने के लिए पैसे देने से मना किया तो तुझे जान से खतम कर देंगे जिस पर थाना अमहिया मे अपराध क्र.289/ 25 धारा 296, 115(2), 351(2),119(1), 3 (5) बी.एन.एस पंजबद्ध कर आरोपियो की पता तलाश कर प्रकरण के शेष दो आरोपियों पवन विश्वकर्मा पिता बद्री प्रसाद विश्वकर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी नादा उमरी थाना सिरमौर जिला रीवा एवं अजय कुमार विश्वकर्मा पिता बद्री प्रसाद विश्वकर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी नादा उमरी थाना सिरमौर जिला रीवा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यवाही मे उनि शिवा अग्रवाल, सउनि कृष्णलाल, प्र.आर. अरुणकांत द्विवेदी प्र.आर. पुरुषोत्तम परस्ते, प्र. आर. रामदेव मिश्रा, आर. दिवाकर तिवारी, आर.अनुज सिंह, आर शंकरदत्त जयसवाल की सराहनीय भूमिका रही।

# डभौरा में राइस मिल को फायदा पहुंचाने सैकड़ों घरों की छतों के ऊपर से बिछाई जा रही 33 केवी लाइन

**रीवा। डभौरा क्षेत्र में नियम-कानून सुरक्षा मानकों और प्रशासनिक निर्देशों को खुलेआम ताक पर रखकर किया जा रहा एक बेहद खतरनाक कार्य अब पूरे इलाके में आक्रोश और दहशत का कारण बन गया है। आरोप है कि एक निजी राइस मिल को सीधा और अवैध लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लटियार से डभौरा तक 33 केवी की हाईटेंशन बिजली लाइन रिहायशी इलाकों के बीच से वह भी सैकड़ों घरों की छतों के लगभग बराबर ऊंचाई पर गुजारी जा रही है।**



इस मार्ग में स्कूल थाना और घनी आबादी वाला क्षेत्र शामिल है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना और जनहानि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि इस कार्य के लिए न तो राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) प्राधिकरण से अनिवार्य अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिया गया है और न ही विद्युत सुरक्षा से जुड़े निर्धारित मानकों का पालन किया जा रहा है। नियमानुसार हाईटेंशन लाइन के लिए न्यूनतम ऊंचाई सुरक्षित दूरी और संरक्षित कॉरिडोर का पालन आवश्यक होता है लेकिन यहां इन सभी नियमों को नजरअंदाज कर दिया गया है। हैरानी की बात यह है कि एनएच अधिकारियों द्वारा इस मार्ग से लाइन ले जाने पर आपत्ति जताने और मना किए जाने के बावजूद ठेकेदार और बिजली विभाग के कुछ जिम्मेदार अधिकारी कथित तौर पर राइस मिल मालिक से मोटी रकम लेकर कार्य को जबरन आगे बढ़ा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि 33 केवी लाइन इतनी नीचे से गुजर रही है कि घरों की छत पर रोजमर्रा के काम करना भी जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। महिलाएं छत पर कपड़े सुखाने से डर रही हैं बच्चों का छत पर खेलना बंद हो गया है और बुजुर्गों में हर समय हादसे की आशंका बनी हुई है। बरसात के मौसम में करंट फैलने तार टूटने या पोल गिरने जैसी घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है जिससे पूरे मोहल्ले की सुरक्षा दांव पर लग गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन बिजली विभाग और संबंधित ठेकेदार की होगी। लोगों ने सवाल उठाया है कि जब यह लाइन सिर्फ एक निजी राइस मिल को फायदा पहुंचाने के लिए बिछाई जा रही है तो आम जनता की जान को जोखिम में क्यों डाला जा रहा है। क्या प्रशासन और विभागीय अधिकारी निजी लाभ के आगे जनता की सुरक्षा को गौण मान चुके हैं?क्षेत्रवासियों का यह भी आरोप है कि बार-बार शिकायतों और मौखिक आपत्तियों के बावजूद प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण करने तक को तैयार नहीं हैं। इससे विभाग की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई है। लोगों का कहना है कि यह महज लापरवाही नहीं बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार का गंभीर मामला है जिसमें आम नागरिकों की जान को दांव पर लगाया जा रहा है। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस अवैध और जानलेवा कार्य को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। एनएच की अनुमति के बिना कराए गए कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों ठेकेदार तथा राइस मिल मालिक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही लाइन को सुरक्षित मानकों के अनुरूप वैकल्पिक मार्ग से ले जाने या पूरी तरह निरस्त करने की मांग भी की गई है। लोगों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इस गंभीर मामले पर कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम जैसे कदम उठाने को मजबूर होंगे। डभौरा में यह मुद्दा अब केवल बिजली लाइन का नहीं बल्कि जनता की सुरक्षा प्रशासनिक जवाबदेही और खुलेआम हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक बनता जा रहा है।

# प्रो. आशीष त्रिपाठी को 2026 का डॉ. नामवर सिंह सम्मान

**रीवा।** बिहार की ओर से दिया जाने वाला डॉ. नामवर सिंह राष्ट्रीय सम्मान प्रो. आशीष त्रिपाठी को दो दिवसीय वार्षिकोत्सव में 22-23 मार्च को प्रदान किया जाएगा। सम्मान समिति के संयोजक राजेन्द्र राजन ने बताया कि प्रो. आशीष त्रिपाठी का चयन दिनांक 21 दिसंबर 2025 को संचालन समिति की बैठक में किया गया। नामवर के शताब्दी वर्ष में यह सम्मान उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को सहेजने वाले कवि, आलोचक और संपादक प्रो. आशीष त्रिपाठी को दिया जा रहा है। 21 सितम्बर, 1973 को मध्य प्रदेश के गांव जमुनिहाई जिला सतना में जन्म लेने वाले प्रो त्रिपाठी इन दिनों काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के हिन्दी विभाग में प्रोफेसर हैं। कम उम्र से ही उनकी कविता लेखन में रुचि थी और उनकी पहली कविता सन् 1986 में प्रकाशित हुई।

1994 से निरन्तर कविताओं का प्रकाशन हो रहा है। प्रो. त्रिपाठी का पहला कविता संग्रह 'एक रंग ठहरा हुआ' 2010 में प्रकाशित एवं लक्ष्मण प्रसाद मंडलोई स्मृति सम्मान से सम्मानित हुआ था। दूसरा कविता संग्रह 'शांति पर्व' 2024 में प्रकाशित। प्रो त्रिपाठी कविता के साथ ही आलोचना के क्षेत्र में भी अत्यंत सक्रिय हैं। आपकी पुस्तक 'समकालीन हिन्दी रंगमंच और रंगभाषा' प्रकाशित हो चुकी है। 'भक्ति आन्दोलन और तुलसीदास' विषय पर एक और पुस्तक और 'हिन्दी नाटकों पर लोक रंग-परम्पराओं का प्रभाव' विषय पर शोधपरक कार्य प्रायः पूर्ण होकर प्रकाशन के क्रम में है। इन दिनों वे रज़ा फेलोशिप के तहत हबीब तनवीर की जीवनी लिखने में व्यस्त हैं। डॉ आशीष त्रिपाठी की इस उपलब्धि पर रीवा सहित विंध्य क्षेत्र के के साहित्यकारों, संस्कृति कर्मियों ने बधाइयां दी है और प्रसन्नता जाहिर की है।

# किसानों के सत्यापन के लिए आयोजित होंगे शिविर

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सिकमी और बटाईदार भूमि के किसानों के सत्यापन के लिए शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि 26, 27 एवं 28 दिसम्बर को सिकमी और बटाईदार भूमि के पंजीकृत किसानों का सत्यापन शिविर लगाकर कराएं। इसके साथ ही कृषकों को शिविर में समक्ष में बुलाकर भी कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उल्लेखनीय है कि सिकमी और बटाईदार भूमि के पंजीकृत किसानों की सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# जिला स्तरीय हृदय रोग स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**रीवा। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना में चिन्हित हितग्राहियों का निःशुल्क उपचार लाभ दिलाये जाने हेतु आयुष्मान भारत योजना से इम्पैनल इंडिया के अस्पताल नारायण हृदयालय चिल्ड्रन हॉस्पिटल मुम्बई के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुप्रतिम सेन कार्डियक सर्जन एवं देशमुख जी एवं टीम द्वारा इको मशीन ने निःशुल्क जांच की गई।**



शिविर जिला अस्पताल बिछिया आयोजित किया गया। शिविर में 93 बच्चे पंजीकृत किये गए जिसमे हृदय रोग के 81 एवं अन्य विकासात्मक विलम्ब एवं फ़ॉलोअप के 12 बच्चे शामिल हैं। हृदय रोग के 28 बच्चे पॉजिटिव चिन्हित किये गए जिन्हें सर्जरी हेतु फिट पाए गए जिनकी सर्जरी कराई जाएगी। 12 बच्चे को मेडिकल मैनेजमेंट पर रखते हुए आगामी तीन माह बाद पुनः जांच परीक्षण किया जाएगा। 28 बच्चे जिन्हें हृदय रोग की समस्या पाई गई वे आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत निःशुल्क उपचार कराया जाएगा यदि आयुष्मान कार्ड नही है तो हितग्राही का निःशुल्क उपचार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत उपलब्ध मोडल कास्टिंग ट्रीटमेंट पैकेज से निःशुल्क सर्जरी कराई जाएगी। गत माह दो महीने के बच्चे को ऑक्सीजन सपोर्ट पर एयर एंबुलेंस के माध्यम से मुम्बई भेजा गया था जिसकी वहां सफल सर्जरी हुई थी आज उसको दुबारा निःशुल्क फॉलो अप हुआ। बच्चा पूरी तरह से फिट है। डॉ संजीव शुक्ला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के दिशानिर्देशन में सम्पन्न शिविर में डॉ प्रतिभा मिश्रा सिविल सर्जन ने निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सक एवं बच्चों के परिजन उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा के विरोध में बजरंग दल ने किया प्रदर्शन, पुतला दहन



**मऊगंज।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रही कथित हिंसा, टारगेट किलिंग और मानवाधिकार उल्लंघन के विरोध में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार 23 दिसंबर को दोपहर 2 बजे कॉलेज चौराहा, मऊगंज में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया।बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में हिंदुओं को चुन चुनकर निशाना बनाया जा रहा है और वहां कट्टरता व असहिष्णुता बढ़ती जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार से इस मामले में कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप कर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की।कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री एडवोकेट रज्जन पटेल, बजरंग दल जिला सह-संयोजक अंकित तिवारी, गौरक्षा प्रमुख अनूप पांडेय, ऋषभ श्रीबास्तव, गुलसन पाण्डेय,जीतेन्द्र पाण्डेय, बृजेश पाण्डेय, देवांश मिश्रा,आदर्श तिवारी, कुलदीप द्विबेदी, छोटू दुवे, सुभम शुक्ला, अजित सिंह, शिवम द्विवेदी मनीष दुवे,प्रयाग मिश्रा,प्रेम तिवारी, सत्यम मिश्रा, नितिन मिश्रा,बैभव शुक्ला, विश्वसश तिवारी,नितिन मिश्रा,विष्णु तिवारी, राहुल विश्कर्मा,अंश द्विवेदी, हर्ष सोनी,संस्कार गुप्ता सौरभ गुप्ता पवन तिवारी, अर्पित मिश्रा, अंशु रजक पियूष मिश्रा, अतुल कुशवाहा, रोहित मिश्रा, सौरभ गुप्ता, विश्राम रावत, राहुत मिश्रा सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदर्शन में हिंदू समाज के गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रही हिंसा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों का उल्लंघन है, जिस पर वैश्विक समुदाय और भारत सरकार को संज्ञान लेना चाहिए। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, मौके पर प्रशासन की स्थिति पर नजर बनी रही।

# धान का अवैध परिवहन कर रहे ट्रक पर कृषि उपज मंडी समिति ने की कार्रवाई

**मऊगंज। जिले के हनुमना मे उपसंचालक आंचलिक कार्यालय रीवा के निर्देशन में एवं उमाशंकर अग्निहोत्री मंडी सचिव हनुमना के मार्गदर्शन में कृषि उपज मंडी समिति द्वारा जांच के दौरान अवैध परिवहन करते हुए वाहन क्रमांक UP 67AT,0453 में धान के अवैध परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है।**



जिसमें 301 कुंटल धान पर दंडित कर शुल्क जमा कराया गया जिसमें मंडी शुल्क 35050, निराश्रित,7010, समझौता,5000, कूल 47060, की ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई इस कार्यवाही में मंडी सचिव उमाशंकर अग्निहोत्री सहायक उप निरीक्षक अरुण मिश्रा रमेश मिश्रा सिद्धार्थ द्विवेदी लेखपाल हीरालाल तिवारी एवं त्रिलोकी नाथ पांडे की अहम भूमिका रही और बताया गया कि अवैध धान परिवहन पर आगे भी इसी तरह कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।